हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

रायपुर नाका, दुर्ग (छ.ग.) – 491001

Email: academic@durguniversity.ac.in, Website: www.durguniversity.ac.in, Phone - 0788-2359400

क्र./473/ अका./शोध/2019 दुर्ग, दिनांक 18/10/2019

//संशोधित सूचना//

पी–एच.डी. प्रवेश परीक्षा 2019 में पात्र अभ्यर्थियों के प्रवेश के संबंध में विश्वविद्यालय के पत्र क्रमांक 461/अका./शोध/2019, दुर्ग, दिनांक 10/10/2019 में आदेशानुसार संशोधन किया गया है जो निम्न है –

1. **परीक्षा में पात्र अभ्यर्थियों हेतु विभागीय शोध समिति (DRC) की बैठक 15/11/2019 तक संबंधित शोध केन्द्र सम्पन्न करायेंगे एवं समस्त प्रकियाये दिनांक 20/11/2019 तक शोध केन्द्रों द्वारा अनिवार्यतः पूर्ण करायी जानी है ।** अंतिम तिथि के पश्चात् कराई गई DRC पर विश्वविद्यालय द्वारा आगे की कार्यवाही हेतु विचार नही किया जावेगा और ना ही तिथि में वृद्धि की जावेगी ।
2. अभ्यर्थियों को उपर्युक्त निर्धारित संशोधित तिथि अनुसार शोध केन्द्रों से सम्पर्क कर DRC की बैठक तिथि की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेगें ।
3. **अभ्यर्थियों को विभागीय शोध समिति की अनुशंसा पश्चात् चयनित शोध केन्द्र मे दिनांक 20/11/2019 तक प्रवेश लेना अनिवार्य होगा ।** अंतिम तिथि के बाद शोध केन्द्रों में प्रवेश नही दिया जावेगा।
4. **शोध केन्द्रों में पी–एच.डी. कोर्स–वर्क की कक्षाएं दिनांक 01/12/2019 से 31/05/2020 तक आयोजित की जावेंगी** एवं कोर्स–वर्क परीक्षा की तिथि एवं परीक्षा से संबंधित दिशा–निर्देश पृथक से घोषित की जावेंगी ।
5. शोध केन्द्र विभागीय शोध समिति (DRC) में चनित शोधार्थियों की सूची विश्वविद्यालय अकादमिक विभाग के पी–एच. डी. सेल को पत्र के माध्यम से अनिवार्य रूप से सूचित करना सुनिश्चित करेंगे ।
6. विभिन्न विषयों में सत्र 2019 में शोध उपाधि समिति (RDC) द्वारा मान्य नवीन शोध निर्देशकों की सूची अलग से विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर जारी की जावेगी ।

अतः समस्त शोध केन्द्रो एवं पात्र शोधार्थियों को यह निर्देशित किया जाता है की उपरोक्त अनुसार कार्यवाही कर आगामी प्रकिया करना सुनिश्चित करेगे ।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ. क. 474 / अका. / शोध / 2019 दुर्ग, दिनांक 18 / 10 / 2019

प्रतिलिपि :–

01. प्राचार्य, समस्त शोध केन्दों को सूचनार्थ ।
02. प्रचार्य समस्त संबंध महाविद्यालयो को सूचनार्थ की उक्त पत्र से अभ्यर्थी को अवगत करावे एवं महाविद्यालय के नोटिस बोड में लगाना सुनिश्चित करें ।
03. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ ।
04. कुलपति के निज सहायक / कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) को सूचनार्थ
05. वि.वि. वेबसाईट प्रभारी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) की वेबसाईट पर प्रदर्शित किये जाने सूचनार्थ ।

सहायक कुलसचिव (अका.)
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)